

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 22-31 दिसंबर 2021







# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 22-31 दिसंबर 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट चौथे **सप्ताह** (22-31) **दिसंबर 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस संस्थान ने सरकारी योजनाओं में बाजरे को शामिल करने से संबंधित मुद्दों पर ध्यान खींचने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) के साथ समझौता किया है __________ **नीति आयोग।**

   **नोट:**
   - यह साझेदारी 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में प्रयोग करने के अवसर का उपयोग करते हुए बाजरे को मुख्यधारा में लाने और ज्ञान के आदान-प्रदान में विश्व स्तर पर नेतृत्व करने में भारत की सहायता पर केंद्रित करती है।
   - इसके अलावा, साझेदारी का लक्ष्य छोटे किसानों के लिए लचीली आजीविका बनाना और जलवायु परिवर्तन तथा खाद्य प्रणालियों को बदलने के लिए अनुकूलन क्षमता का निर्माण करना होगा।
2. विश्व बैंक ने गरीब देशों को कोरोना वायरस (कोविड -19) संकट से निपटने में सहायता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कितनी राशि की घोषणा की है__________**93 बिलियन डॉलर।**

   **नोट:**
   - यह अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA) के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुनःपूर्ति थी, जो 74 देशों को अनुदान प्रदान करता है।
   - पैकेज में 48 उच्च तथा मध्यम आय वाले देशों की ओर से 23.5 बिलियन डॉलर के योगदान के साथ-साथ पूंजी बाजार में जुटाया गया वित्तपोषण शामिल है।
   - यह देशों को भविष्य के संकटों के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद करेगा।
3. हीरो इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने में आसान वित्तपोषण विकल्प प्रदान करने के लिए किस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के साथ समझौता किया है_________**HDB फाइनेंशियल सर्विसेज़।**

   **नोट:**
   - यह साझेदारी ग्राहकों को उनके पसंदीदा इलेक्ट्रिक स्कूटर पर न्यूनतम दस्तावेज के साथ परेशानी रहित ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनएगी।
   - हीरो इलेक्ट्रिक ग्राहकों के लिए देश में 700 से अधिक डीलरशिप के व्यापक नेटवर्क पर वित्तपोषण विकल्प उपलब्ध होगा।
4. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने अपने कर्मचारियों में नवीन शिक्षण और कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए किस ऑनलाइन कोर्स प्रदाता के साथ एक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं _________**उडेमी बिजनेस।**

   **नोट:**

- उडेमी बिजनेस के साथ तीन वर्ष की साझेदारी सभी NPCI कर्मचारियों को तकनीकी, डोमेन, व्यवहार और नेतृत्व कौशल जैसे अत्यधिक मांग वाले कौशल पर कोर्स प्रदान करेगी।
- NPCI के मिशन 'टैलेंट डेवलपमेंट फॉर ऑल' के माध्यम से, यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML), ब्लॉकचैन, डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी (DLT), रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (RPA) आदि में क्षमता निर्माण कोर्स प्रदान करता है।

5. किस बैंक ने अपने ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के विक्रय के लिए केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं__________**कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक।**

**नोट:**

- साझेदारी के अंतर्गत, बैंक किसानों, कारीगरों और ग्रामीण आबादी सहित अधिकतम लोगों को स्वास्थ्य बीमा उत्पाद प्रदान करके अपने ग्रामीण ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करता है।
- बैंक किसानों और किसान क्रेडिट कार्डधारकों को बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए किफायती प्रीमियम वाले उत्पादों के माध्यम से तदनुकूल उत्पाद पर भी काम कर रहा था।

6. किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने दांतों का बीमा प्रदान करने के लिए क्लोव डेंटल के साथ साझेदारी की _________**ICICI लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- यह बीमा OPD (बाह्य रोगी विभाग) लाभ के तहत मिलेगा और ग्राहकों को कैशलेस आधार पर उपलब्ध होगा।
- यह साझेदारी क्लोव डेंटल के ग्राहकों को ओरल हेल्थ सपोर्ट प्रदान करेगी जिसमें ICICI लोम्बार्ड के OPD लाभ के तहत सभी आवश्यक दंत चिकित्सा उपचार खर्च शामिल होंगे।

7. किस बैंक ने वित्त वर्ष 20-21 के लिए बड़े बैंकों के बीच कुल डिजिटल लेनदेन में शीर्ष स्थान हासिल किया है________ **बैंक ऑफ बड़ौदा।**

**नोट:**

- भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित डिजिटल पेमेंट उत्सव में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा इसका अभिनंदन किया गया।
- BoB को विभिन्न श्रेणियों में वित्त वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए पांच डिजीधन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

8. किस बैंक ने अनिवार्य परिवर्तनीय अधिमान्य शेयरों (CCPS) के माध्यम से JSW सीमेंट लिमिटेड में 100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए अल्पमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है________ **भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- SBI JSW सीमेंट में एक रणनीतिक निवेशक के रूप में काम कर रहा है और उसने CCPS के माध्यम से कंपनी में निवेश किया है। CCPS का सामान्य इक्विटी में रूपांतरण JSW ग्रुप के साथ लिंक होगा ताकि प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) के समय निर्धारित मूल्यांकन प्रदान किया जा सके।
- यह राशि JSW सीमेंट के उत्पादन को मौजूदा 14 MTPA (मिलियन टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 25 MTPA करने में मदद करेगी।

9. MSME ऋण देने वाले फिनटेक प्लेटफॉर्म यू ग्रो कैपिटल ने किस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ एक को-लेंडिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए ___________ **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया।**

**नोट:**

- इस साझेदारी के तहत, दोनों संस्थाओं का लक्ष्य अगले 12 महीनों में प्रथम, संजीवनी, साथी, ग्रो MSME और मशीनरी फाइनेंसिंग जैसे कार्यक्रमों के तहत यू ग्रो कैपिटल के विभिन्न MSME सेगमेंट को 1000 करोड़ रुपये तक का ऋण वितरण करना है।
- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ को-लेंडिंग साझेदारी यू ग्रो कैपिटल की सभी उत्पाद श्रेणियों में अल्पसेवा प्राप्त MSME को सस्ती दरों पर औपचारिक ऋण प्रदान करने की दिशा में काम करेगी।

**10.** विश्व स्तर पर मनीग्राम (पीयर-टू-पीयर रेमिटेंस कंपनी) के ग्राहकों को वास्तविक समय में पैसा भेजने में सक्षम बनाने के लिए किस भुगतान बैंक ने मनीग्राम के साथ भागीदारी की है________ **पेटीएम भुगतान बैंक।**

**नोट:**

- पेटीएम की एक सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक और डिजिटल P2P भुगतान में वैश्विक अग्रणी मनीग्राम (नैस्डैक में सूचीबद्ध) ने एक साझेदारी की है जिसके द्वारा विश्व स्तर पर मनीग्राम के ग्राहक भारत में पेटीएम वॉलेट उपयोगकर्ता को वास्तविक समय में पैसा भेज पाएंगे।
- इस साझेदारी के साथ, विदेशों में मनीग्राम के यूजर अब भारत में पूर्ण KYC वाले पेटीएम वॉलेट यूज़र को आसानी से धन हस्तांतरित कर सकते हैं।

**11.** भारत सरकार ने आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए 250 मिलियन यूरो के ऋण की पहली किश्त हेतु वित्त अनुबंध के लिए किस बैंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं________ **यूरोपीय निवेश बैंक।**

**नोट:**

- परियोजना आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) के अधीन संचालित है और उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPMRCL) कार्यान्वयन एजेंसी है।
- परियोजना का उद्देश्य आगरा शहर के लिए एक सुरक्षित, विश्वसनीय, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम प्रदान करना है जो आगरा में गतिशीलता में सुधार करेगा और नियोजित शहरी विकास में सहायता करेगा।

**12.** राष्ट्र के स्वामित्व वाले ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (REC) लिमिटेड ने किस बैंक के साथ विद्युत वित्त क्षेत्र और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 169.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं __________ **KfW विकास बैंक।**

**नोट:**

- दोनों संगठन संयुक्त रूप से विद्युत क्षेत्र और नवीकरणीय ऊर्जा (RE) परियोजनाओं में विभिन्न परियोजनाएं शुरू करेंगे।
- आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदन पारित किया गया था।
- यह विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए KfW बैंक और REC लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित पांचवीं ऋण सहायता और नवीकरणीय ऊर्जा (RE) परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए तीसरी ऋण सहायता है।

**13.** अगले वर्ष लॉन्च होने वाली अकासा एयर की टैगलाइन________ **it's your sky (यह आपका आसमान है)।**

**नोट:**

- प्रस्तावित अल्ट्रा लो कॉस्ट कैरियर ने लंबे समय तक भारतीय कैरियरों के पसंदीदा पारंपरिक नीले और लाल रंग को नकार दिया और 'सनराइज ऑरेंज' तथा 'पैशनेट पर्पल' रंगों का चयन किया, जो उनके अनुसार गर्मजोशी और युवा ऊर्जा को दर्शाता है।
- एयरलाइन का प्रतीक एक उगता हुआ A है, जो "उदयीमान सूरज की गर्मजोशी, एक पक्षी की सहज उड़ान और एक विमान विंग की निर्भरता" का प्रतीक है।

**14.** भारत के सबसे बड़े व्यापार वित्त प्लेटफार्मों में से एक वायना नेटवर्क और किस बैंक को IBSi-ग्लोबल फिनटेक इनोवेशन अवार्ड्स 2021 में 'मोस्ट इफेक्टिव बैंक-फिनटेक पार्टनरशिप: एजाइल एंड एडैप्टेबल' से सम्मानित किया गया है__________ **फेडरल बैंक।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार आपूर्ति श्रृंखला वित्त को आसान बनाने के लिए वायना नेटवर्क की फेडरल बैंक के साथ साझेदारी के सम्मान में प्रदान किया गया था।
- 2021 इनोवेशन अवार्ड में 48 देशों के 190 प्रतिभागी शामिल हुए।

**15.** किस क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता और भारतीय नौसेना ने भारतीय नौसैनिकों के लिए एक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है__________**BOB फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड।**

**नोट:**

- रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी कार्ड में कॉन्टेक्टलेस सुविधाएं हैं।
- भारतीय नौसैनिक तीन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड में से एक चुन सकते हैं।
- क्रेडिट कार्ड भारतीय नौसैनिकों को निर्बाध भुगतान सुविधा प्रदान करेंगे।

**16.** अपने मनी ट्रांसफर ऑपरेटर (MTO) साझेदारों के लिए UPI ID का उपयोग करके भारत को वास्तविक समय में सीमा पार प्रेषण राशि प्रदान करने हेतु NPCI के साथ भागीदारी करने वाला पहला बैंक _________**इंडसइंड बैंक।**

**नोट:**

- यह सीमा पार से भुगतान/ NRI प्रेषण के लिए UPI का प्रयोग करने वाला पहला भारतीय बैंक है।
- इस व्यवस्था के तहत, MTO इंडसइंड बैंक चैनल का उपयोग NPCI के UPI भुगतान प्रणालियों से जुड़ने, वैलिडेशन और लाभार्थी के खातों में सीमा पार भुगतान निपटान के लिए करेंगे।

**17.** किस बैंक ने अर्थव्यवस्था के असेवित और अल्पसेवित क्षेत्र में ऋण प्रवाह में सुधार के लिए लेंडिंगकार्ट फाइनेंस लिमिटेड के साथ को-लेंडिंग साझेदारी की है _________ **पंजाब नेशनल बैंक।**

**नोट:**

- यह साझेदारी अर्थव्यवस्था के असेवित और अल्पसेवित क्षेत्र के लिए ऋण प्रवाह में सुधार के प्रयासों का हिस्सा है।
- यह व्यवस्था डिजिटल जोखिम अंकन और धनापूर्ति आधारित ऋण पर केंद्रित होगी।

**18.** MUFG बैंक लिमिटेड किस देश से संबंधित है, जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 'ऋण और अग्रिम - सांविधिक और अन्य प्रतिबंध' पर निर्देशों का पालन न करने के लिए 30 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है________ **जापान।**

**नोट:**

- MUFG बैंक का भारत में जापानी बैंकों में सबसे बड़ा नेटवर्क है, जिसकी उपस्थिति पांच स्थानों पर है।
- MUFG बैंक उन जापानी और वैश्विक कॉरपोरेट्स की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करता है जो भारत में अपना कारोबार स्थापित कर रहे हैं या बढ़ा रहे हैं।

**19.** प्रतिष्ठित CII डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवार्ड 2021 में वित्तीय समावेशन के लिए किस बैंक को 'मोस्ट इनोवेटिव बेस्ट प्रैक्टिस' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया___________ **HDFC बैंक।**

**नोट:**

- यह भारत सरकार के सामान्य सेवा केंद्रों (CSC) के साथ साझेदारी के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में HDFC बैंक के प्रयासों के कारण प्रदान किया गया है।

- CII ने भारत में डिजिटल परिवर्तन में उत्कृष्टता के सम्मान में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवार्ड की स्थापना की।

**20.** IPPB ने बैंक रहित और अल्पसेवित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भुगतान बैंक के ग्राहकों को विभिन्न बैंकिंग उत्पाद और बैंक सेवाएं प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_________**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- IPPB के 4.7 करोड़ से अधिक ग्राहकों, जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, के इस साझेदारी से लाभान्वित होने की उम्मीद है।
- रणनीतिक साझेदारी IPPB को अपनी अभिनव डोरस्टेप बैंकिंग सेवा के माध्यम से ग्राहकों को वित्त तक पहुंच सहित सस्ती और विविध सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।

**21.** HDFC लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने किस बैंक के साथ एक बैंकएश्योरेंस समझौते की घोषणा की _________ **साउथ इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- यह बैंकएश्योरेंस साझेदारी SIB के ग्राहकों को HDFC लाइफ के जीवन बीमा उत्पादों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगी, जिसमें सुरक्षा, बचत एवं निवेश, सेवानिवृत्ति और गंभीर बीमारी के समाधान शामिल हैं।
- HDFC लाइफ का लक्ष्य SIB के ग्राहक आधार को भौतिक और डिजिटल दोनों मार्गों के माध्यम से अभिनव उत्पाद और बेहतर सेवाएं प्रदान करना है।

**22.** नेक्सो नेटवर्क के सदस्य इंडिपैसा ने भारत के 63 मिलियन लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम (SME) क्षेत्र को नियोजित करते हुए वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) समाधान शुरू करने के लिए किस पेमेंट्स बैंक के साथ एक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए_________ **NSDL पेमेंट्स बैंक।**

**नोट:**

- NSDL पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी में इंडिपैसा भारतीय SME मालिकों और ऑपरेटरों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुकूल विविध वित्तीय उत्पाद तथा सेवाएं प्रदान करने की योजना बना रहा है।
- इसके अलावा, इंडिपैसा को भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के भुगतान को डिजिटल बनाने के अभियान का हिस्सा होने पर गर्व है, जिसके वर्ष 2025 तक 1.0 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर वार्षिक से अधिक होने का अनुमान है।

**23.** सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च (CEBR) की वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल 2022 के अनुसार, किस वर्ष तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा_________**2031।**

**नोट:**

- वार्षिक लीग टेबल ने यह भी भविष्यवाणी की है कि चीन अमेरिका से आगे निकल कर 2030 में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा (2021 के पूर्वानुमान की तुलना में दो वर्ष बाद)।
- विश्व अर्थव्यवस्था 2022 में पहली बार 100 ट्रिलियन डॉलर को पार करेगी।

**24.** किस बैंक ने 'ग्रीन फिक्स्ड डिपॉजिट' शुरू करने की घोषणा की है, जहां जमा राशि का उपयोग संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (SDG) का समर्थन करने वाली परियोजनाओं और फर्मों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा_________**इंडसइंड बैंक।**

**नोट:**

- इंडसइंड बैंक इस प्रस्ताव को आगे लाने वाले विश्व के कुछ बैंकों में से एक है, जिससे SDG को एक नियमित सावधि जमा उत्पाद में एकीकृत किया जा सकता है।

- इंडसइंड बैंक 'ग्रीन फिक्स्ड डिपॉजिट' खुदरा और कॉर्पोरेट दोनों ग्राहकों को प्रदान किया जाएगा।

**25.** किस सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) ऋणग्राहियों को ऋण देने के लिए MAS फाइनेंशियल सर्विसेज़ के साथ एक रणनीतिक को-लेंडिंग साझेदारी की है ________ **बैंक ऑफ महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- इस को-लेंडिंग व्यवस्था के फलस्वरूप दोनों संस्थाओं के लिए पोर्टफोलियो का विस्तार होगा।
- इस व्यवस्था के तहत, MAS फाइनेंशियल सर्विसेज (RBI पंजीकृत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) संयुक्त रूप से सूत्रित क्रेडिट मापदंडों और पात्रता मानदंड के अनुसार प्राथमिक क्षेत्र के MSME ऋणग्राहियों को ऋण संसाधित करेगी और BoM पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के तहत इन ऋणों को अपने लेखा में शामिल करेगा।

**26.** किस राज्य सरकार ने राज्य के छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत छात्रों के लिए कैशलेस और कॉन्टेक्टलेस भुगतान समाधान e-RUPI को सक्षम और कार्यान्वित करने के लिए NPCI और SBI के साथ साझेदारी की है__________ **कर्नाटक।**

**नोट:**

- e-RUPI का उपयोग कर्नाटक सरकार द्वारा कॉलेज / संस्थान को डिजिटल रूप से भुगतान करके पात्र छात्रों के शिक्षा शुल्क का सुरक्षित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।
- कर्नाटक सरकार पात्र छात्रों के मोबाइल पर ई-वाउचर भेजेगी। वाउचर कोड फीचर फोन पर भी प्राप्त किया जा सकता है।

**27.** RBL बैंक ने किस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के साथ को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की साझेदारी को दिसंबर 2026 (पांच वर्ष) तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की________**बजाज फाइनेंस लिमिटेड।**

**नोट:**

- वित्त वर्ष 2018 में, बैंक ने बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी की थी, जिसमें को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की एक श्रृंखला शुरू की गई थी।
- बैंक की वित्त वर्ष 2019 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2019 में RBL बैंक - बजाज फाइनेंस के को-ब्रांड पोर्टफोलियो ने 10 लाख कार्ड का आंकड़ा पार किया, जिससे यह देश में सबसे बड़ी को-ब्रांडेड कार्ड साझेदारी बन गई।

**28.** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (BoM) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) ऋणग्राहियों को ऋण प्रदान करने के लिए किस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के साथ एक रणनीतिक को-लेंडिंग साझेदारी की है ________ **MAS फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड।**

**नोट:**

- साझेदारी भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी दिशानिर्देशों सहित अनुपालन नियमों के अधीन है।
- यह साझेदारी BoM और MAS फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड दोनों के पोर्टफोलियो विस्तार का समर्थन करेगी।

**29.** किस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने फर्मों/कॉर्पोरेटों के लिए 'रुपे बिजनेस प्लेटिनम डेबिट कार्ड' लॉन्च करने के लिए किस भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है ___________ **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया।**

**नोट:**

- यह कार्ड अपने उपयोगकर्ताओं को POS या ई-कॉमर्स पर 3 लाख रुपये तक की खरीदारी के साथ-साथ 1 लाख रुपये की एटीएम निकासी सीमा प्रदान करता है।

- इसके अलावा, कार्ड उपयोगकर्ता विदेशों में एटीएम से 75,000 रुपये तक की निकासी कर सकते हैं और POS और अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन मर्चेंट से वैश्विक स्तर पर 3 लाख रुपये तक की खरीदारी कर सकते हैं।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध व्यक्ति रिचर्ड रोजर्स का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे ________ **आर्किटेक्ट।**

**नोट:**

- उन्हें 1977 में पेरिस के पोम्पीडौ सेंटर सहित दुनिया की कुछ सबसे प्रसिद्ध इमारतों को डिजाइन करने के लिए जाना जाता था।
- उन्होंने मिलेनियम डोम और 'चीज़ग्रेटर' जैसी विशिष्ट रचनाओं के साथ लंदन के क्षितिज को बदल दिया, जिन्होंने 2007 के प्रित्ज़कर पुरस्कार सहित अपने डिजाइनों के लिए कई पुरस्कार जीते, और वह 'हाई-टेक' वास्तुशिल्प आंदोलन के अग्रणियों में से एक हैं।

**2.** नोबेल शांति पुरस्कार विजेता प्रख्यात व्यक्ति डेसमंड टूटू का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे __________ **मानवाधिकार कार्यकर्ता।**

**नोट:**

- 1990 के दशक के अंत में टूटू को प्रोस्टेट कैंसर का पता चला और हाल के वर्षों में उन्हें अपने कैंसर के इलाज से जुड़े संक्रमणों के उपचार के लिए कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया था।
- 1984 में टूटू ने रंगभेद के अहिंसक विरोध के लिए नोबेल शांति पुरस्कार जीता।

**3.** प्रसिद्ध व्यक्ति कारोलोस पापुलियास किस देश के पूर्व राष्ट्रपति थे जिनका हाल ही में निधन हो गया_________ **ग्रीस।**

**नोट:**

- पापुलियास, जो 1985-89 और 1993-96 में विदेश मंत्री भी थे, सोशलिस्ट PASOK पार्टी के एक उच्च पदस्थ सदस्य और दिवंगत नेता तथा पूर्व प्रधान मंत्री एंड्रियास पापेंड्रेउ के घनिष्ठ सहयोगी थे।
- उन्होंने उस संकट के दौरान राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया जिसने देश को हाल के दशकों की सबसे गंभीर राजनीतिक और आर्थिक हलचल में डाल दिया।

**4.** प्रसिद्ध व्यक्ति टी. मार्क टेलर का हाल ही में निधन हो गया वह एक अनुभवी थे__________ **कलाकार।**

**नोट:**

- ही-मैन खिलौना निर्माता मैटल के मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स फ्रैंचाइज़ी के लिए मस्कुलर फ्रंटमैन था।
- ही-मैन, हॉकिंग सुपरहीरो वॉरियर का प्रतीक था, लेकिन LGBTQ+ समुदाय में भी एक आदर्श बन गया, जिन्होंने ही-मैन के अपर स्वरूप प्रिंस एडम के रहस्यमयी जीवन में समानताएं देखीं।

**5.** प्रसिद्ध सांसद और उद्योगपति महेंद्र प्रसाद का हाल ही में निधन हो गया, वह किस राजनीतिक दल से सात बार के राज्यसभा सांसद थे _________ **जनता दल (यूनाइटेड)।**

**नोट:**

- प्रसाद बिहार से सात बार राज्यसभा सांसद रहे और एक बार लोकसभा के लिए भी चुने गए।
- प्रसाद पहली बार 1980 में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा के लिए चुने गए थे।

- वह लंबे समय तक पार्टी से जुड़े रहे और बाद में राज्य में पार्टी की अवनति के साथ अपनी निष्ठा स्थानांतरित कर दी।

6. प्रसिद्ध व्यक्ति एडवर्ड ओ विल्सन का हाल ही में निधन हो गया, वह एक प्रसिद्ध थे________ **जीवविज्ञानी।**

**नोट:**

- उन्हें "डार्विन का प्राकृतिक उत्तराधिकारी' कहा जाता था, और एक कीटविज्ञानी के रूप में उनके अग्रणी कार्य के लिए उन्हें स्नेहपूर्वक 'ऐन्टमैन' के रूप में जाना जाता था।
- वह एक सच्चे दिव्यदर्शी थे जिनमें प्रेरित करने की अद्वितीय क्षमता थी।
- उन्होंने मानव होने का अर्थ संभवत: सभी से बेहतर व्यक्त किया।

7. प्रसिद्ध व्यक्ति केरी हुल्मे का हाल ही में निधन हो गया, वह प्रसिद्ध थीं ________ **उपन्यासकार।**

**नोट:**

- हुल्मे ने एक तंबाकू बीनने वाले के रूप में काम किया, उन्होंने लॉ स्कूल छोड़ दिया और वह एक साहित्यिक स्टार बनने से पहले एक चैरिटी कार्यकर्ता थीं, उनके प्रथम उपन्यास द बोन पीपल को फिक्शन के सबसे बड़े पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- न्यूजीलैंड के नारीवादी समूह एक प्रकाशक स्पाइरल द्वारा प्रशंसित किए जाने से पहले उपन्यास को कई प्रकाशकों द्वारा नकार दिया गया था।

8. प्रसिद्ध व्यक्ति सबाइन वेइस का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थीं__________ **फोटोग्राफर।**

**नोट:**

- वेइस द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के फ्रांसीसी मानवतावादी फोटोग्राफी स्कूल से अंतिम थीं, जिन्होंने तस्वीरों की याद ताजा करने वाली शक्तियों की पुनर्कल्पना की, जिसमें रॉबर्ट डोइसन्यू, विली रोनिस और ब्रसाई शामिल थे।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. भारत में, राष्ट्रीय गणित दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है________**22 दिसंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- इस वर्ष राष्ट्र रामानुजन की 134वीं जयंती मना रहा है।

2. भारत के पांचवें प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस या राष्ट्रीय किसान दिवस पूरे देश में मनाया जाता है _______ **23 दिसंबर।**

**नोट:**

- चौधरी चरण सिंह ने कृषक हितकारी नीतियां पेश कीं और किसानों के कल्याण के लिए काम किया।
- वे भारत के पांचवें प्रधान मंत्री थे और उन्होंने 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक प्रधान मंत्री के रूप में देश की सेवा की।

3. राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस 2021 का विषय________ **Tackling Plastic Pollution**

**नोट:**

- यह दिवस 24 दिसंबर 1986 को मनाया जाता है, जब उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई।
- दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है।
- इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का विषय "Tackling Plastic Pollution"

**4.** भारत में, सुशासन दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है__________ **25 दिसंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस देश भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाता है।
- इसी सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए सुशासन दिवस को सरकार के लिए कार्य दिवस घोषित किया गया है।

**5.** अंतर्राष्ट्रीय महामारी तत्परता दिवस हर वर्ष मनाया जाता है__________**27 दिसंबर।**

**नोट:**

- कोविड-19 महामारी से परेशान, मानव ने महामारी के प्रति तत्परता के बारे में बहुत कुछ सीखा है।
- भविष्य के प्रकोप के लिए तैयार रहना और सभी स्तरों पर महामारी के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाना।

## नई नियुक्तियां

**1.** ब्रह्मोस एयरोस्पेस का महानिदेशक किन्हें नियुक्त किया गया ________**अतुल दिनकर राणे।**

**नोट:**

- वह 1987 में DRDO में शामिल हुए और सिस्टम मैनेजर के रूप में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला में अपना प्रारंभिक करियर शुरू किया और सर्फेस टू एयर आकाश मिसाइल प्रणाली के लिए मॉड्यूलर रियल-टाइम सिमुलेशन परीक्षण तंत्र स्थापित किया।
- ब्रह्मोस एयरोस्पेस: इंडो-रशियन मल्टीनेशनल एयरोस्पेस एंड डिफेंस कॉर्पोरेशन, मुख्यालय दिल्ली।

**2.** बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) एथलीट आयोग का सदस्य किन्हें नियुक्त किया गया________**पी.वी. सिंधु।**

**नोट:**

- वह आयोग के 6 नियुक्त सदस्यों में से हैं।
- पी.वी. सिंधु को पहली बार 2017 में BWF के एथलीट आयोग का सदस्य चुना गया था।
- वह एकमात्र सदस्य हैं जो पुनर्निर्वाचन के लिए खड़ी हुईं।
- पी.वी. सिंधु BWF के एथलीट आयोग की सदस्य बनने वाली दूसरी भारतीय थीं।

**3.** इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस का नया प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया _________ **एच.ओ. सूरी।**

**नोट:**

- इससे पहले सूरी विपणन निदेशक और मुख्य निवेश अधिकारी थे।
- उन्होंने वर्ष 1982 में भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) के साथ अपना पेशेवर सफर शुरू किया, जो सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा उर्वरक निर्माता है। उनकी पेशेवर योग्यता चार्टर्ड एकाउंटेंट की है।

**4.** न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा को किस उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया________**उत्तराखंड।**

**नोट:**

- उन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत नियुक्त किया गया है।
- उन्हें 2009 में उड़ीसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर पदोन्नत किया गया था और वह अक्टूबर 2021 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय से जुड़े।

**5.** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा RBL बैंक बोर्ड में अतिरिक्त निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया ________**योगेश दयाल।**

**नोट:**

- निजी क्षेत्र के बैंक के प्रबंध निदेशक और CEO विश्ववीर आहूजा तत्काल प्रभाव से छुट्टी पर चले गए।
- केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के भाग 2A (प्रबंधन पर नियंत्रण) में अंतर्विष्ट धारा 36 AB (अतिरिक्त निदेशकों की नियुक्ति की RBI की शक्ति) को लागू किया।

**6.** पंजाब नेशनल बैंक (PNB) का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किन्हें नियुक्त किया गया ________ **अतुल कुमार गोयल।**

**नोट:**

- गोयल 31 दिसंबर, 2024 तक PNB प्रमुख बने रहेंगे, जो कि उनकी सेवानिवृत्ति आयु है।
- वह PNB, जो देश का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, में 31 जनवरी, 2022 तक ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (OSD) के रूप में काम करेंगे।
- गोयल PNB के मौजूदा MD तथा CEO मल्लिकार्जुन राव की जगह लेंगे, जो जनवरी 2022 के अंत में पद छोड़ने वाले हैं।

**7.** यूको बैंक का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किन्हें नियुक्त किया गया ________ **सोम शंकर प्रसाद।**

**नोट:**

- वर्तमान में, वह भारतीय स्टेट बैंक में उप प्रबंध निदेशक हैं।
- वे 31 मई, 2023 को सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने तक यूको बैंक के MD तथा CEO के रूप में कार्य करेंगे।
- वह पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के MD और CEO के रूप में अतुल कुमार गोयल की जगह लेंगे, जिन्हें यूको बैंक का MD और CEO नियुक्त किया गया है।

**8.** RBL बैंक का अंतरिम प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी किन्हें नियुक्त किया गया________ **राजीव आहूजा।**

**नोट:**

- RBL बैंक बोर्ड ने राजीव आहूजा, जो वर्तमान में बैंक में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, को नियामक तथा अन्य अनुमोदन के अधीन तत्काल प्रभाव से बैंक का अंतरिम प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।
- निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में बैंक के प्रबंध निदेशक और CEO विश्ववीर आहूजा के तत्काल प्रभाव से छुट्टी पर जाने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया।

**9.** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार किन्हें नियुक्त किया गया _________ **विक्रम मिश्री।**

**नोट:**

- भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के एक कैरियर राजनयिक, श्री मिश्री को 2019 में बीजिंग में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया।
- विदेश मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में प्रदीप कुमार रावत को चीन में अगला राजदूत नियुक्त किया था।

**10.** जिनेवा में यूएन कॉन्फ्रेंस ऑन डिसआर्मामेंट में भारत का अगला स्थायी प्रतिनिधि किन्हें नियुक्त किया गया ________ **अनुपम रे।**

**नोट:**

- 1994 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी श्री रे वर्तमान में दिल्ली में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।
- 1991 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी श्री शर्मा को मेक्सिको में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

**11.** वासुदेवन पठांगी नरसिम्हन (PN) को पुन: किस बैंक का MD और CEO नियुक्त किया गया ________**इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- वासुदेवन को 23 जुलाई 2016 से तत्कालीन इक्विटास फाइनेंस लिमिटेड, जो अब एक बैंक है, का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था।
- वह भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के एक अर्हताप्राप्त कंपनी सचिव हैं। उन्हें वित्तीय सेवा क्षेत्र का व्यापक अनुभव है।

**12.** तीन वर्ष के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD और CEO) किसे नियुक्त किया गया _________ **बलदेव प्रकाश।**

**नोट:**

- उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख या 10 अप्रैल, 2022, जो भी पहले हो, से प्रभावी होगी।
- उनके अलावा आर.के. छिब्बर को बैंक बोर्ड में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** किस मंत्रालय ने इंटरनेशनल कम्पेटिटिव बिडिंग के लिए ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (OALP) बिड राउंड-VII शुरू किया _________ **पेट्रोलियम मंत्रालय।**

**नोट:**

- राउंड के अंतर्गत आठ ब्लॉकों की बोली लगाई जा रही है।
- इनमें पांच ऑन-लैंड ब्लॉक (चार श्रेणी-I बेसिन में और एक श्रेणी-III बेसिन में), दो शैलो वाटर ब्लॉक (दोनों श्रेणी-I बेसिन में) और एक अल्ट्रा-डीप-वाटर ब्लॉक (श्रेणी- I बेसिन) शामिल हैं। .
- "यह अपेक्षित है कि OALP राउंड VII लगभग 300-400 मिलियन डॉलर की तत्काल अन्वेषण कार्य प्रतिबद्धता उत्पन्न करेगा।

**2.** सेंट्रल पब्लिक हेल्थ एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशन (CPHEEO) ने किस शहर में "24x7 जल आपूर्ति प्रणालियों पर तकनीकी सम्मेलन एवं प्रदर्शनी" का आयोजन किया ________**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- आयोजक: सेंट्रल पब्लिक हेल्थ एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशन (CPHEEO)
- यह जल प्रदूषण की रोकथाम, NRW पर नियंत्रण, समान जलापूर्ति सुनिश्चित करेगा और PPP फंडिंग आकर्षित करके वित्तीय स्थिरता के मामले में कार्यक्षमता लाएगा।

**3.** हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2021 के अनुसार, सर्वाधिक यूनिकॉर्न के मामले में भारत की रैंक_______ **तीसरी।**

**नोट:**

- जारी की गई रिपोर्ट से पता चलता है कि बेंगलुरू में बोस्टन, पालो ऑल्टो, पेरिस, बर्लिन, शिकागो जैसे शहरों की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न हैं, जिसमें 28 ऐसी कंपनियां हैं जो दुनिया में सातवीं उच्चतम कंपनी हैं।
- भारत में पिछले वर्ष की तुलना में यूनिकॉर्न की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है और इस मामले में यूके से आगे निकल गया है।

**4.** ई-छावनी परियोजना के तहत छावनी बोर्डों के नागरिकों के लिए भारत की अपनी तरह की पहली भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आधारित 'स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली' किसने लॉन्च की _________**राजनाथ सिंह।**

**नोट:**

- यह 100% स्वचालित प्रक्रिया के साथ एक आसान और तेज अनुप्रयोग है।
- इस प्रणाली के लिए मॉड्यूल भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियो इंफॉर्मेटिक्स (BISAG) द्वारा रक्षा सचिव और रक्षा संपदा महानिदेशक (DGDE), दिल्ली के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है।

**5.** किस योजना के तहत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं सहायता समूहों के बैंक खातों को स्थानांतरित करने के लिए सामुदायिक निवेश कोष में 1000 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं जिससे लगभग 16 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी________ **दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन।**

**नोट:**

- जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की अन्य सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत प्रशासित किया जाता है।
- इसका उद्देश्य अभिनव सामुदायिक उद्यम को प्रोत्साहित करना और गरीबी से संतप्त लोगों को ऋण या अनुदान के रूप में अल्प धनराशि प्रदान करना है।

**6.** अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग ने कितनी भाषाओं में अपनी तरह का पहला वर्नाक्यूलर इनोवेशन प्रोग्राम लॉन्च किया है, जो अन्वेषकों और उद्यमियों को अभिनव परितंत्र तक पहुंच प्रदान करता है_________ **22 भाषाओं।**

**नोट:**

- अपनी भाषा और संस्कृति में अधिगम पहुंच प्रदान करके, अटल इनोवेशन मिशन का उद्देश्य स्थानीय अन्वेषकों के लिए समान अवसर उत्पन्न करना है।
- अटल इनोवेशन मिशन VIP के आवश्यक क्षमता निर्माण के लिए 22 अनुसूचित भाषाओं में से प्रत्येक में वर्नाक्युलर टास्क फोर्स (VTF) की पहचान करेगा और उन्हें प्रशिक्षण देगा।

**7.** किस विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) एशिया अवार्ड्स 2021 में "डिजिटल इनोवेशन ऑफ द ईयर" पुरस्कार जीता_________**ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (JGU), सोनीपत।**

**नोट:**

- JGU एकमात्र भारतीय विश्वविद्यालय था जिसे "डिजिटल इनोवेशन ऑफ द ईयर" के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था।
- THE अवॉर्ड में JGU की जीत पिछले दो वर्षों में JGU के सफल डिजिटल परिवर्तन और प्रभाव को दर्शाता है।

8. प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) किस मंत्रालय के दायरे में आता है __________ **कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय।**

**नोट:**

- मार्च, 1964 में, गृह मंत्रालय के अधीन प्रशासनिक सुधार विभाग की स्थापना की गई और संगठन एवं विधि (O & M) प्रभाग को कैबिनेट सचिवालय से उसका प्रभार स्थानांतरित किया गया।
- कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 1 अगस्त, 1970 को सृजित कार्मिक विभाग को प्रशासनिक सुधार विभाग से संबंधित कार्य 7 फरवरी, 1973 को स्थानांतरित कर दिए गए और इसे कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के रूप में पुन: निर्दिष्ट किया गया।

9. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में लगभग तीन दशकों से लंबित रेणुकाजी बांध परियोजना की आधारशिला रखी _________**हिमाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- उन्होंने लगभग तीन दशकों से लंबित रेणुकाजी बांध परियोजना की आधारशिला रखी।
- इसके अलावा, उन्होंने सावरा-कुड्डू जल विद्युत परियोजना का उद्घाटन किया।
- 111 मेगावाट की परियोजना लगभग 2,080 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई है।

10. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा औद्योगिक गलियारे में डिफेंस और एयरोस्पेस विनिर्माण समूहों के विकास में तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश के किस शहर में डिफेंस टेक्नोलॉजी एंड टेस्ट सेंटर (DTTC) की आधारशिला रखी _________ **लखनऊ।**

**नोट:**

- उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे में डिफेंस और एयरोस्पेस विनिर्माण समूहों के विकास में तेजी लाने के लिए अपनी तरह का पहला DTTC स्थापित किया जा रहा है।
- ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा घोषित ब्रह्मोस विनिर्माण केंद्र, UP DIC के लखनऊ नोड में एक अत्याधुनिक सुविधा है।

11. नागालैंड में सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (AFSPA) को हटाने की संभावना की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की अध्यक्षता कौन करेगा __________ **विवेक जोशी।**

**नोट:**

- भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त विवेक जोशी पांच सदस्यीय समिति के अध्यक्ष होंगे और केंद्रीय गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव पीयूष गोयल इसके सदस्य-सचिव होंगे।
- नागालैंड के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक और असम राइफल्स के डीजीपी समिति के अन्य सदस्य होंगे।

12. नीति आयोग द्वारा जारी 2019-20 के राज्य स्वास्थ्य सूचकांक के चौथे संस्करण “स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत” के अनुसार, 2019-20 में समग्र सूचकांक स्कोर के आधार पर समग्र रैंकिंग में बड़े राज्यों में शीर्ष स्थान पर कौन सा राज्य है_________**केरल।**

**नोट:**

- 'बड़े राज्यों' में, वार्षिक प्रगतिशील प्रदर्शन के मामले में, उत्तर प्रदेश, असम और तेलंगाना शीर्ष तीन रैंकिंग वाले राज्य हैं।
- 'छोटे राज्यों' में, मिजोरम और मेघालय ने अधिकतम वार्षिक प्रगतिशील विकास दर्ज किया।

**13.** अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशन ऑन इनोवेशन अचीवमेंट्स (ARIIA) 2021 के अनुसार, तकनीकी रैंकिंग में किस संस्थान को भारत में सबसे अभिनव शैक्षणिक संस्थान बताया गया है________**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास।**

**नोट:**

- ARIIA 2021 प्रतिभागी संस्थानों को दो प्रमुख श्रेणियों; तकनीकी और गैर तकनीकी में वर्गीकृत करता है।
- तकनीकी रैंकिंग में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT मद्रास) को भारत में सबसे अभिनव शैक्षणिक संस्थान कहा गया है।

**14.** किस रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन किया गया_________**इंदौर रेलवे स्टेशन।**

**नोट:**

- इससे पहले मुगलसराय रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अयोध्या कैंट किया गया था।
- सत्ता में आने के बाद से, श्री आदित्यनाथ सरकार ने फैजाबाद और इलाहाबाद जिलों सहित कई प्रतिष्ठानों के नाम बदल दिए हैं, जिनका नाम बदलकर क्रमशः अयोध्या और प्रयागराज हो गया है।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य सरकार ने "शिक्षक विश्वविद्यालय" की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी ________**दिल्ली।**

**नोट:**

- नए विश्वविद्यालय में प्रवेश 2022-2023 शैक्षणिक सत्र में शुरू होगा।
- इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य उच्च कोटि के सुप्रशिक्षित शिक्षकों को तैयार करना है।
- दिल्ली सरकार आगामी सत्र में 'दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय' विधेयक 2021 को राज्य विधानसभा में पेश करेगी।

**2.** किस राज्य सरकार ने पुलिस में ट्रांसजेंडरों को 1 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की _______ **कर्नाटक।**

**नोट:**

- जारी की गई अधिसूचना कर्नाटक में किसी सरकारी विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय से आवेदन की मांग करने वाली पहली अधिसूचना है।
- इस कदम से ट्रांसजेंडरों के प्रति धारणा बदलने में मदद मिलेगी।
- यह उन्हें मुख्यधारा में लाएगा और समाज में उनके खिलाफ सभी पूर्वाग्रहों को दूर करेगा।

**3.** ताज दुबई, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम में किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश ने यूनिवर्सिटी कॉलेज बर्मिंघम (UCB) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए_________ **जम्मू और कश्मीर।**

**नोट:**

- भारत के काउंसल जनरल, अमन पुरी की उपस्थिति में उद्योग एवं वाणिज्य निदेशक, जम्मू - अनु मल्होत्रा और इंटरनेशनल रिक्रूटमेंट, यूनिवर्सिटी कॉलेज बर्मिंघम, एलीन प्रायर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- पहली बार, UCB ने स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी के लिए जम्मू और कश्मीर में एक कार्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है ताकि शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों को सुविधाजनक बनाया जा सके और छात्रों को कम शुल्क पर प्रवेश प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।

4. भारत सरकार (GoI) और जर्मन विकास बैंक KfW ने कहां पर एक ऊर्जा सुधार कार्यक्रम के लिए 140 मिलियन यूरो का कम ब्याज का ऋण और 2 मिलियन यूरो के अनुदान के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए ________ **मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- यह परियोजना मध्य प्रदेश में वितरण नेटवर्क को उन्नत और मजबूत करके भारत में अधिक स्थिर, सुरक्षित और जलवायु एवं पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा आपूर्ति में योगदान देगी।
- यह एक प्रभावी, तकनीकी और आर्थिक रूप से दक्ष ऊर्जा आपूर्ति के साथ-साथ सामाजिक और पारिस्थितिक रूप से स्थायी ऊर्जा आपूर्ति में सहायता करेगी।

5. सुशासन सूचकांक 2021 में समग्र रैंकिंग में शीर्ष राज्य________**गुजरात।**

**नोट:**

- केंद्र शासित प्रदेशों की समग्र रैंकिंग श्रेणी में दिल्ली सबसे ऊपर है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किए गए संकेतकों में, उत्तर प्रदेश ने 2019 से 2021 की अवधि में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर ने इसी अवधि में 3.7 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया।

6. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (SPMRM) के कार्यान्वयन में 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच शीर्ष राज्य _______**तेलंगाना।**

**नोट:**

- यह मिशन चार वर्ष पहले स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, बुनियादी सेवाओं को बढ़ाने और सुनियोजित समूह निर्माण के लिए शुरू किया गया था।
- तमिलनाडु और गुजरात ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

7. किस राज्य सरकार ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य योजनाओं की निगरानी के लिए एक स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र (HSMC) शुरू किया है ________**गुजरात।**

**नोट:**

- HSMC का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY), मुख्यमंत्री अमृतम (MA) योजना, पोषण संबंधी योजनाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं तथा इत्यादि अन्य सरकारी योजनाओं के तहत प्राप्त लाभों की निगरानी के साथ-साथ नामांकित लाभार्थियों की संख्या पर नजर रखना है।

8. हाल ही में किस राज्य सरकार ने कौशल रोजगार निगम पोर्टल लॉन्च किया है_______ **हरियाणा।**

**नोट:**

- वर्ष 2022 के आधिकारिक कैलेंडर के साथ 'व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन' नामक एक पत्रिका भी विमोचित की गई।
- अब जनता की सभी समस्याओं का समाधान सीएम विंडो के माध्यम से आसानी से किया जा रहा है। अब तक 8.5 लाख से अधिक समस्याओं का समाधान किया जा चुका है।

9. किस राज्य सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रणाली शुरू की है ________ **ओडिशा।**

**नोट:**

- ओडिशा पेंशनभोगियों के लिए इस तरह की डिजिटल सेवा लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।
- डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रणाली के तहत, पेंशनभोगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित वीडियो-सत्यापन प्रक्रिया का उपयोग करके पहचान एवं जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. सड़कों और रेल की पटरियों दोनों पर चलने वाले पहले ड्यूल-मोड व्हीकल (DMV) का निर्माण करने वाला पहला देश ________**जापान।**

   **नोट:**
   - रेलबस शनिवार को जापान के कायो शहर में सार्वजनिक सेवा में शुरू होगी।
   - DMV एक मिनीबस की तरह दिखती है और सड़क पर रबर के सामान्य टायरों पर चलती है।
   - इसमें स्टील के पहिए भी लगे हुए हैं जो इसके रेल की पटरियों पर आते ही नीचे जा जाते हैं।
   - DMV को रेल की पटरियों पर चलाने के लिए आगे के टायरों को उठा दिया जाता है और पीछे के टायरों को नीचे कर दिया जाता है।

2. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) (ब्रिक्स बैंक) का नवीनतम सदस्य देश_______ **मिस्र।**

   **नोट:**
   - बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और उरुग्वे के बाद, मिस्र NDB में शामिल चौथा नया सदस्य है, जिसने बैंक की वैश्विक पहुंच का विस्तार किया है।
   - मिस्र दुनिया का एक तेजी से विकसित होता देश, अफ्रीकी महाद्वीप तथा मध्य पूर्व क्षेत्र की एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एक प्रमुख विकास वित्त संस्थान है।

3. किस देश ने पूर्णतया मॉक पेलोड के साथ अपने अंगारा A5 अंतरिक्ष रॉकेट का तीसरा सफल परीक्षण किया _______ **रूस।**

   **नोट:**
   - अंगारा को मास्को, रूस में ख्रुनिचेव स्टेट रिसर्च एंड प्रोडक्शन स्पेस सेंटर द्वारा विकसित और निर्मित किया जा रहा है।
   - यह 2014 में पहली बार लॉन्च किए जाने के बाद रॉकेट का तीसरा प्रक्षेपण है।

4. विश्व की सबसे लंबी मेट्रो लाइन किस शहर में शुरू की गई ________**शंघाई।**

   **नोट:**
   - नई मेट्रो लाइन शुरू होने के साथ, शंघाई मेट्रो नेटवर्क बड़े पैमाने पर 831 किमी तक विस्तारित होगा।
   - अब, शंघाई शहर में 508 स्टेशन हैं।
   - कार्यदिवस पर औसतन 10 मिलियन से अधिक लोग सिस्टम का उपयोग करते हैं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. 2021 रीजनल एशिया-पैसेफिक वूमन्स इम्पावरमेंट प्रिंसिपल्स अवॉर्ड समारोह में नेतृत्व प्रतिबद्धता के लिए संयुक्त राष्ट्र महिला पुरस्कार किसने जीता_______**दिव्या हेगड़े।**

   **नोट:**

- उन्हें अपने संगठन बेरू एनवायरमेंटल सर्विसेज द्वारा जलवायु कार्यवाही के प्रयासों के माध्यम से लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने में उनके निरंतर प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।
- उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका सृजन और इस क्षेत्र में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था विकसित करने के क्षेत्रों में काम किया।

**2.** दुबई में प्रतिष्ठित ग्लोबल एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट एक्शन सिटीजन अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया ________**विरल सुधीरभाई देसाई।**

**नोट:**

- 11 देशों (जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके), संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस), न्यूजीलैंड, फ्रांस और मलेशिया शामिल हैं) के 28 व्यक्तियों में से, जिन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, विरल देसाई एकमात्र भारतीय थे जिन्होंने जलवायु परिवर्तन के लिए यह पुरस्कार जीता।

**3.** सुशीला देवी पुरस्कार 2021 किसने जीता _________ **अनुकृति उपाध्याय।**

**नोट:**

- इसे रतनलाल फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है।
- इसकी घोषणा रतनलाल फाउंडेशन और भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल की आयोजन समिति द्वारा की गई थी।

**4.** 2019 की कहानी "डेथ बाय डिजिटल एक्सक्लूजन" के लिए "अनकवरिंग इंडिया इनविजिबल" श्रेणी में रामनाथ गोयनका पुरस्कार किसने जीता ________ **शिव सहाय सिंह।**

**नोट:**

- इसने उजागर किया कि कैसे झारखंड सरकार के डिजिटलीकरण पर जोर देने से हाशिये पर रहने वाले लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के लाभों से वंचित रह गए।
- इस कहानी में सभी राशन कार्डों को आधार से लिंक करके PDS में खामियां दूर करने के झारखंड सरकार के फैसले को विस्तार से बताया गया है।

**5.** पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) द्वारा 2021 पर्सन ऑफ द ईयर किसे चुना गया _______ **आलिया भट्ट।**

**नोट:**

- आलिया भट्ट एक एनिमल लवर हैं और अपने पालतू जानवरों के साथ अक्सर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।
- इस वर्ष, आलिया भट्ट ने फ्लेदर की समर्थक कंपनी फूल में निवेश किया, जो मंदिर के फूलों से निर्मित चमड़ा है।
- उनकी किड्सवियर लाइन, एड-ए-मम्मा ने जानवरों और प्रकृति के प्रति बच्चों का प्यार बढ़ाने में मदद करने के लिए 2021 पेटा इंडिया फैशन अवार्ड भी जीता।

**6.** प्रख्यात लेखिका नमिता गोखले ने अपने किस उपन्यास के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार जीता_________ **थिंग्स टू लीव बिहाइंड।**

**नोट:**

- सुश्री गोखले को उनके उपन्यास थिंग्स टू लीव बिहाइंड के लिए और सुश्री पुजारी को इयात एकान आरोन असिल के लिए सम्मानित किया गया।
- कविता की सात पुस्तकों, लघु कथाओं की पांच, दो नाटकों, एक जीवनी, एक आत्मकथा, एक समीक्षा और महाकाव्य ने साहित्य अकादमी पुरस्कार 2021 जीता।

7. मुंबई प्रेस क्लब द्वारा 2020 के लिए 'जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर' से किन्हें सम्मानित किया गया__________**दानिश सिद्दीकी।**

**नोट:**

- दानिश सिद्दीकी की पत्नी फ्रेडरिक सिद्दीकी ने पुरस्कार प्राप्त किया।
- वरिष्ठ पत्रकार प्रेम शंकर झा (83 वर्षीय) को उनके प्रभावशाली और विश्लेषणात्मक लेखन के लंबे और विशिष्ट करियर के लिए आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## खेल समाचार

1. किस देश की अंडर -19 महिला टीम ने ढाका में SAFF अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप जीती__________ **बांग्लादेश।**

**नोट:**

- खेल का एकमात्र गोल 80वें मिनट में हुआ जब अनाई मोगिनी ने गोल कर बांग्लादेश को जीत दिलाई।
- 2021 SAFF अंडर-19 महिला चैम्पियनशिप:
- यह महिलाओं की अंडर -19 राष्ट्रीय टीमों के लिए SAFF द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता है।
- यह SAFF अंडर-19 महिला चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण था।

2. आंचल ठाकुर किस खेल से संबंधित हैं___________ **स्कीइंग।**

**नोट:**

- वह 1:54:30 का समय लेकर तीसरे स्थान पर रही।
- इसके साथ ही आंचल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय स्की एथलीट बन गई।
- उन्होंने इससे पहले तुर्की में आयोजित 2018 FIS अल्पाइन 3200 कप में कांस्य पदक जीता।

3. किस राज्य ने जयपुर में आयोजित फाइनल में तमिलनाडु को हराकर अपनी पहली विजय हजारे ट्रॉफी जीती _________**हिमाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- हिमाचल प्रदेश के कप्तान ऋषि धवन ने टॉस जीतकर दिनेश कार्तिक की अगुवाई वाली तमिलनाडु को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।
- युवा खिलाड़ी शुभम अरोड़ा ने अपने पहले लिस्ट A शतक के साथ शानदार बल्लेबाजी की और हिमाचल ने पांच बार के चैंपियन तमिलनाडु को हरा दिया।
- तमिलनाडु 2019-20 सीज़न के बाद से टेस्ट क्रिकेट में देश की सर्वश्रेष्ठ घरेलू टीम रही है।

4. किस टीम ने प्रो टेनिस लीग 2021 जीती________ **टीम रेडियंट।**

**नोट:**

- डेविस क्यूपर साकेत माइनेनी ने टीम रेडियंट का नेतृत्व किया।
- साकेत ने तीसरे दौर में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन निकी पूनाचा को 5-0 से हराकर टीम के लिए चार अंकों की बढ़त हासिल की, जो अंतिम में निर्णायक साबित हुई।

5. NECC डेक्कन महिला ITF चैंपियनशिप (25,000 डॉलर) का 20वां संस्करण किसने जीता ________ **मोयुका उचिजिमा।**

**नोट:**

- 20 वर्षीय खिलाड़ी ने एकल फाइनल में लातविया की डायना मार्सिंकेविका को 6-2, 7-5 से हराया।
- जूनियर सारा सैटो ने दिसंबर की शुरुआत में लगातार दो ITF जूनियर स्पर्धाओं में जीत हासिल की, उचिजिमा ने अपनी जीत के साथ जापान के लिए हैट्रिक हासिल की।

6. किस राज्य ने 11वीं जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2021 जीती________ **उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- उप्र ने टूर्नामेंट में अपना शत-प्रतिशत रिकॉर्ड कायम रखा।
- टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर: शारदा नंद तिवारी।
- हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने कड़े मुकाबले में हरियाणा को 3 - 2 से हराकर चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. 'बैचलर डैड' पुस्तक के लेखक _______**तुषार कपूर।**

**नोट:**

- उन्होंने नई पुस्तक में अपने एकल पिता होने का सफर साझा किया है।
- अभिनेता ने अपनी पहली पुस्तक, बैचलर डैड में 'पितृत्व के थोड़े अपरंपरागत पथ' का अपना सफर साझा किया है।
- किताब के कवर पर उन्हें अपने बेटे को ले जाते हुए देखा जा सकता है।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. स्वदेश में विकसित अगली पीढ़ी के बख्तरबंद अभियांत्रिक टोही वाहनों का पहला बैच सेना में शामिल किया गया। वाहन निर्माता है __________ **आयुध निर्माणी मेडक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड।**

**नोट:**

- वाहन को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा डिजाइन किया गया है और आयुध निर्माणी मेडक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, पुणे द्वारा बनाया गया है।
- यह टोही क्षमताओं के साथ इंजीनियर कार्यों के निष्पादन के लिए पानी की बाधाओं और दलदली पैच की टोह लेने में सक्षम है।

2. स्वदेश में विकसित सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल 'प्रलय' की मारक सीमा क्या है _________**150-500 किलोमीटर।**

**नोट:**

- मिसाइल ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर और कई नई तकनीकों से संचालित है।

- मिसाइल की रेंज 150-500 किलोमीटर है और इसे मोबाइल लॉन्चर से लॉन्च किया जा सकता है।
- मिसाइल निर्देशन प्रणाली में अत्याधुनिक दिशासूचक प्रणाली और एकीकृत एवियोनिक्स शामिल हैं।

**3.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वदेश निर्मित मल्टी-टेरेन आर्टिलरी गन (MARG 155) - BR का अनावरण किया, जो दुनिया में 4×4 HMV (हाई मोबिलिटी व्हीकल) पर लगा एकमात्र 155 मिमी 39 कैलिबर गन सिस्टम है। यह किस संस्था द्वारा विकसित किया गया है__________ **भारत फोर्ज लिमिटेड।**

**नोट:**

- मेड-इन-इंडिया मल्टी-टेरेन आर्टिलरी गन (MArG) 155 - BR दुनिया में 4×4 HMV पर लगा एकमात्र 155 मिमी 39 कैलिबर गन सिस्टम है।
- वाहन का वजन 18 टन है और इसमें पर्वतीय क्षेत्रों में भी तैनात किया जा सकता है।
- गन सिस्टम उन्नत तकनीकी प्रदर्शन और उच्च एकीकरण प्रदान करते हुए शूट एंड स्कूट क्षमता से लैस है।

**4.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने स्वदेशी रूप से विकसित HEAT अभ्यास का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। HEAT का पूरा नाम है_________ **हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टार्गेट।**

**नोट:**

- इसके परीक्षण के दौरान, उच्च स्थिरता के साथ बहुत कम ऊंचाई पर हाई सबसोनिक स्पीड प्रक्षेपवक्र का प्रदर्शन किया गया।
- दो बूस्टर ने लॉन्च के दौरान प्रारंभिक त्वरण प्रदान किया और लंबे समय तक स्थायित्व के साथ हाई सबसोनिक स्पीड को बनाए रखने के लिए छोटे टर्बोजेट इंजन का उपयोग किया गया।
- विकासकर्ता: अन्य DRDO प्रयोगशालाओं के साथ वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (ADE), बेंगलुरु।

**5.** भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह में 32 वर्ष की सेवा के बाद स्वदेश निर्मित INS खुकरी को सेवामुक्त कर दिया। यह है____________ **कार्वेट (स्वदेश में निर्मित पहला)।**

**नोट:**

- इसे पश्चिमी और पूर्वी दोनों बेड़े का अंग होने का गौरव प्राप्त था।
- कार्वेट मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स द्वारा बनाया गया था और 23 अगस्त 1989 को कमीशन किया गया था।

**6.** भारतीय सेना ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) के साथ मिलकर किस संस्थान में एक क्वांटम लैब की स्थापना की_________ **मिलेट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन एंड इंजीनियरिंग (MCTE), महू।**

**नोट:**

- मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (MCTE) महू में स्थित एक प्रमुख सरकारी कॉलेज है जो विविध शैक्षणिक कोर्स और कार्यक्रम प्रदान करता है।
- भारतीय सेना ने आवश्यक क्षेत्रों में 140 से अधिक परिनियोजन के साथ MCTE में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) केंद्र भी स्थापित किया है।

**--------------0--------------**

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com